# यूपी @2047 मॉडल को दूसरे राज्य भी अपना रहे

## उपलब्धि

- महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश कार्ययोजना बना रहे
- मुख्यमंत्री ने लोगों के सुझाव को बताया महत्वपूर्ण

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विसित यूपी @2047 मॉडल को देश के अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश इसे अपनाते हुए कार्ययोजना तैयार करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मुख्यमंत्री के फार्मूले ने दी नई ऊर्जा दी है।

अन्य राज्यों के लिए उत्तर प्रदेश में 24 घंटे का विशेष विधानसभा सत्र और जनभागीदारी से शुरू हुआ अभियान नजीर बन रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय एजेंडे की रूपरेखा को तय कर रहा है। यूपी सरकार का 'विजन @2047' अभियान 'अर्थ शक्ति', 'सृजन शक्ति', 'जीवन शक्ति' पर केंद्रित है। गांव-गांव पहुंच कर एक लाख से ज्यादा सुझावों से भविष्य का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। विकसित भारत के मोदी-योगी फॉर्मूले को अब पूरा देश अपना रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज देश के ग्रोथ इंजन के रूप में विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। 'विकसित भारत' के स्वप्न को साकार करने के लिए 'विकसित उत्तर प्रदेश' का संकल्प आवश्यक है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आपके सुझाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आप सभी के सुझाव 'समर्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना की पूर्णता में 'मील का पत्थर' सिद्ध होंगे।